दिनांक 9 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

'आयुक्त एसण्के सुंदरानी के निर्देशन पर किया जा रहा है नालों की सफाई एवं तालाबों में मिलने वाले कचरे की रोकथाम के उपाय'

निगमायुक्त सुंदरानी ने निगम भिलाई के समस्त जोन आयुक्त आगामी वर्षा ऋतु एवं मौसमी बीमारियों को देखते हुए नाली की विस्तृत सफाई करने के निर्देश दिए हुए हैं! इसी तारतम्य में जोन क्षेत्र में नालों की सफाई भी की जा रही है स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ ही इनके विशेष टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है एवं जिन क्षेत्रों पर बड़े नालों एवं नाली से होकर जाने वाले पानी जोकि तलाब में जाकर सम्मिलित होते हैं वैसे स्रोतों से आने वाले नालियों में बहने वाले कचरे जैसे लकड़ियों के टुकड़ेए पॉलीथिन एवं इससे बने सामग्रीए डिस्पोजलए पन्नी आदि कचरा को रोकने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर विशेष प्रकार के विकल्प जैसे जाली लगाने का कार्य अपनाते हुए कचरे को रोकने की व्यवस्था की जा रही है जिसका उद्देश्य यह है कि इस प्रकार के कचरे को आसानी से निकाला जा सके साथ ही इस प्रकार के माध्यमों से तालाबों में कचरा एकत्रित न हो!
आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए ताकि नालियों से बहने वाले पानी विभिन्न स्रोतों में आसानी से पहुंच जाएं इसकी व्यवस्था किए जाने हेतु निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं!
इसी प्रकार नाली से बहने वाले गंदे पानी को फिल्टर करने के लिए भी उपाय अपनाए जा रहा है!
आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 22 स्थित तालाब में पानी शुद्धिकरण के उपाय अपनाने के निर्देश जोन आयुक्त एसण्पीण् साहू को दिए थे जिस पर अमल करते हुए जोन आयुक्त द्वारा एक ही जगह पर 3 प्रकार के जाली तैयार किए गए हैंए नालियों से होकर गुजरने वाले गंदे पानी को शुद्ध करने के लिए प्रथम जाली में लकड़ी के टुकड़े पॉलीथिन आदि को रोका जाता हैए दूसरी जाली में गिट्टीए ईट के टुकड़े आदि से पानी को फिल्टर किया जा रहा है इसके बाद बहने वाले पानी को नारियल बुच के माध्यम से फिल्टर किया जा रहा है तत्पश्चात यह पानी एक गड्ढे में जाकर गिरता है वहां पर भी जो कचरा शेष रह गया हो तो वह गड्ढे में ठहर जाता है इसके पश्चात शुद्ध पानी तालाब में मिल रहा है!
इस पद्धति से कचरे को निकालने में भी आसानी होती है!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!